# मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत, शव के हुए दो टुकड़े

## जुन्नारदेव क्षेत्र का मामला, रेलवे पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बुधवार 18 फरवरी की शाम को जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन पर दर्दनाक हादसा हो गया जिसमें एक 18 वर्षीय युवक की मालगाड़ी से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे थाना प्रभारी गिरीश तिवारी से मिली जानकारी अनुसार बुधवार रात को एक युवक परासिया की ओर से पेंचवली पैसेंजर जुन्नारदेव रेलवे स्टेशन पर उतरा। युवक मालगाड़ी के नीचे से दूसरी ओर



जाने का प्रयास कर रहा था इसी दौरान मालगाड़ी चालू हो जाने के बाद युवक उसकी चपेट में आ गया और युवक के दो टुकड़े हो गए और मौका स्थल पर ही उसकी मौत हो गई है। युवक की पहचान राजदीप पिता मनीष राउतेल उम्र 18 वर्ष निवासी न्यूटन चिकली परासिया के रूप में हुई है। प्रकरण में जीआरपी आमला ने मर्ग क्रमांक 7/2026 दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वही इस प्रकरण में अब यह गुत्थी बनी हुई है कि यह आत्महत्या है या हादसा फिलहाल रेलवे पुलिस की जांच के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा। रेलवे पुलिस द्वारा युवक का पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

## अब जेल में ही रहेंगे विनोद मालवी

### नपा परासिया अध्यक्ष विनोद मालवीय की जमानत अर्जी कोर्ट ने की खारिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका डोंगर परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवी की जमानत याचिका गुरूवार को खारिज हो गई । विनोद मालवीय की ओर से लगी जमानत आवेदन क्रमांक 105/2026 विशेष न्यायालय के जज सुधीर मिश्रा ने विनोद मालवी द्वारा किए महिला अपराधिक कृत्य के प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए संपूर्ण प्रकरण को बारीकी से सुना । प्रकरण में शासन की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ खान ने दलीलें रखीं । महिला फरियादी की ओर से अधिवक्ता कैलाश डेहरिया द्वारा घोर आपत्ति पेश की गई । जिसके परिणाम स्वरूप आपत्तिकर्ता अधिवक्ता कैलाश डेहरिया द्वारा बताया कि जमानत याचिका पर विचारण के दौरान गंभीर अपराध को देखते हुए न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज की और नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय को जेल भेजा । न्यायालय ने विनोद मालवी पर लगे आरोपों को गंभीर श्रेणी का माना । इसके साथ ही न्यायालय ने यह भी माना , कि प्रकरण दर्ज होने के बाद ज्ञापन आदि के माध्यम से विनोद मालवी ने विवेचना को प्रभावित करने का प्रयास किया ।

## सावलेबाड़ी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश करते समय हुई घटना

# गाली गलौच करने वालों को रोकने पर चाकू से किया हमला, जवान घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

छिंदवाड़ा में देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब सावलेबाड़ी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे एक होमगार्ड जवान पर चाकू से हमला कर दिया गया। मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक वारदात में बदल गया, जिसमें जवान गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, होमगार्ड जवान देर रात सावलेबाड़ी इलाके में ड्यूटी के दौरान गश्त पर था। इसी दौरान उसने कुछ युवकों को सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज और हंगामा करते देखा। जवान ने उन्हें समझाने और शांति बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन युवक उल्टा उससे ही उलझ गए। पहले कहासुनी हुई और फिर विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया।

आरोप है कि तीन युवकों ने मिलकर जवान पर हमला कर दिया। इसी दौरान एक आरोपी ने जवान के पेट के साइड में चाकू से वार कर दिया। चाकू लगते ही जवान मौके पर गिर पड़ा और हालत गंभीर हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को



सूचना दी और घायल जवान को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जवान की हालत को देखते हुए उसे तुरंत नागपुर रेफर कर दिया गया, जहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, चाकू का वार गहरा था, हालांकि समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 14 घंटे के भीतर तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।वारदात के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए सावलेबाड़ी और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की सुरक्षा कितनी पुख्ता है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में प्रकरण दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## पुजारी को कमरे में बंद कर दानपेटियां लूटी



**पांढुर्णा।** बुधवार की रात में खारी वार्ड स्थित संत गुणवंत बाबा के मंदिर में चोरों ने पुजारी को कमरे में बंद कर दान पेटी का ताला तोडकर लाखो रू. की चोरी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर के पुराने और नए भवन में कुल 4 दान पेटियां रखी थी। चोर अर्धरात्री के बाद मंदिर का ताला तोडकर भीतर घुसे और पुजारी दुर्गेश महाराज को कमरे में बंद कर दिया। पुजारी जैसे तैसे दरवाजा खोल कर बाहन निकले और शोर मचाया। लेकिन चोर चारों दानपेटियां तोडकर नगद राशि लेकर फरार हो चुके थे। पुलिस सरगर्मी से चोरों की तलाश में जुटी है।

## चौरई के हिवरखेड़ी में राजस्व दल पर पथराव करने वाले 3 आरोपियों दो पुत्र पिता को न्यायालय ने भेजा जेल

**छिंदवाड़ा/चौरई :-** छिंदवाड़ा जिले की क़ृषि प्रधान तहसील चौरई के ग्राम हिवरखेड़ी मे अतिक्रमण की हुई शिकायत पश्चात राजस्व तहसीलदार पुलिस का संयुक्त अमला उक्त ग्राम मे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने पंहुचा ही था की अतिक्रमण के नाम से चर्चित निम्न ग्राम के लोगो ने पथराव शुरू कर दिया जिसमे अमले के कई लोग घायल होकर गंभीर चोटे आयी चौरई थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले ने चिन्हित कर 12 लोगो के खिलाफ अपराध क्रमांक 129/26 धारा 191 (2) 221 132 324 (4) 296(ए) 351(3) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया जिसमे से आज पिता शम्भूदयाल पिता धन्नू वर्मा 65 साल पुत्र अजब सिंह पिता शम्भूदयाल 39 साल पुत्र जीतसिंह पिता शम्भूदयाल 38 वर्ष पकड़ मे आए जिन्हे न्यायालय पेश किया जहाँ से तीनो पिता पुत्र को जेल भेजा गया बाकी की तलाश जारी है।

# पातालेश्वर मंडल की विशेष कामकाजी बैठक में बनी रणनीति

## भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित संगठन कार्यों को कुशल रूप से प्रत्येक बूथ में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आगामी 22 फरवरी को समस्त बूथों में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन एवं बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती हेतु हुई चर्चा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि भाजपा छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल की विशेष संघठनात्मक बैठक वार्ड क्रमांक 17 शनिचरा बाजार में पार्षद बलराम साहू के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत बनाने हेतु वरिष्ठ जनों एवं मंडल पदाधिकारी के साथ चर्चा कर रणनीति बनाई गयी।

बैठक में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार आगामी 22 फरवरी को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को मंडल के समस्त बूथों में आयोजित कर कार्यक्रम की 100% रिपोर्टिंग करने के साथ ही आगामी दिनों में समस्त बूथों में बैठकों का आयोजन कर बूथ स्तर पर आमजनों टक भारतीय जनता पार्टी की लोक कल्याणकारी योजनाओं



को पहुँचाकर प्रत्येक बूथ पर भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु रणनीति बनाई गयी।

मंडल बैठक में प्रत्येक बूथ स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गए जो आगामी दिनों में बूथों पर जाकर बूथ समिति की बैठक लेंगे एवं बूथ स्तर पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देशित संगठन कार्यों को कुशल रूप से प्रत्येक बूथ में संपन्न कराने की योजना बनाएंगे।

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के साथ विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती प्रीति बिसेन वरिष्ठ भाजपा नेता श्री पीतांबर डोडानी नगर निगम सभापति श्री बलराम साहू श्री मनोज कुशवाह मंडल उपाध्यक्ष श्री तरुण किंद्रा प्रहलाद यादव श्री नितेश गुप्ता रामकिशन पहाडे संतोष ठाकुर महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष जया विश्वकर्मा मंडल मंत्री श्रीमती ममता ठाकुर रानी सूर्यवंशी पार्षद गया प्रसाद वारिवा हरनाम सिंह भट्टी सत्यम राजपूत संजय वर्मा समीर दुबे सनी मालवी विवेक चौहान डब्बू कपिल साहू शुभम नागवंशी समेत भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# छत्रपति शिवाजी मंडल ने मनाई छत्रपति शिवाजी जयंती हुआ विशाल भंडारा

## महाआरती, भव्य अतिशबाजी एवं डीजे नाईट का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छत्रपति शिवाजी मंडल के अक्षय ओक्टे ने बताया कि गुरूवार को छत्रपति शिवाजी जयंती के उपलक्ष में आज प्रातः स्थानीय शिवाजी चैक पर स्थापित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और जय भवानी, जय शिवाजी का उदघोष किया गया एवं शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और रात्रि 8 बजे महाआरती पश्चात भव्य अतिशबाजी की गई एवं डी.जे. नाईट का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा ।

भंडारे का आयोजन देर रात तक चलेता रहा। इस अवसर पर मराठा समाज के जिलाध्यक्ष भी मौजूद रहे। इसके अलावा मराठा समाज के अलावा अन्य लोगों ने यहां पहुंचकर महाप्रसाद का लाभ लिया। डीजे की धुन पर लोगों ने डांस किया और जय भवानी जय शिवाजी के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। लोगों यहां जमावड़ा लग गया जो देर रात तक चलते रहा।



## वृत्त परासिया क्षेत्र अंतर्गत होटल-ढाबों में आबकारी विभाग की दबिश कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार एसडीएम परासिया श्री शुभम कुमार यादव व सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में गत दिवस वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी द्वारा वृत्त अंतर्गत जलपान गृह, होटल एवं ढाबों में पिलाने एवं बेचने के लिये रखे देशी-विदेशी मदिरा बरामद किया गया। न्यूटन अंतर्गत स्थित होटल एवं पान की गुमठियों में मदिरा रखकर बेचने तथा मदिरा पिलाते पाये गये व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण कायम किया गया । इसके बाद ठाकुर भोजनालय एवं शंकरगढ़ स्थित पान ठेले में दबिश के दौरान कुछ नहीं मिला तथा परासिया बस स्टैंड के पीछे छुप कर शराब पीने वालों को खदेड़ा गया



तथा दुकानदारों को भी समझाइश दी गई कि अपने दुकानों के आसपास शराब पीने ना दें। इस दबिश कार्यवाही में दोनों दुकानदारों के पास से कुल 4.5 बल्क लीटर देशी मदिरा बरामद कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण कायम किया गया । इसके पूर्व संस्कार ढाबा एवं महाराणा होटल में भी कार्यवाही में विदेशी मदिरा बरामद कर प्रकरण कायम किया गया।

## 15 वां सांई वार्षिक महोत्सव का हुआ समापन



**दमुआ।** ओम सांईराम सेवा समिति दमुआ द्वारा सतगुरू सांईनाथ महाराज जी का 5 दिवसीय 15वां वार्षिक महोत्सव बडे ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के प्रारम्भ मे सांई ध्वजारोहण , कलश यात्रा, छप्पन भोग 5 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा , कथा वचाक आचार्य पंडित श्री अमित कृष्ण शास्त्री वृन्दावन से पधारे जिनके मुखारबिन्द से भक्त श्रद्धालुओं, मातृ शक्ति पुरूष महिलाऐं युवा बच्चे उपस्थित सभी नागरिको को श्री शिवमहापुराण कथा का रसपान कराया सभी ने कथा का श्रवण कर अपने जीवन में उतारने का प्रयत्न किया एवं साधवी अपर्णा किशोरी जी ने भी शिवमहापुराण यज्ञ कथा के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया। कथा समाप्ति के पश्चात कथा वाचाक आचार्य पंडित अमित कृष्ण शास्त्री जी महाराज का एवं अपर्णा किशोरी जा का लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा पगडी, शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। समापन के अवसर पर महाआरती तत पश्चात भण्डारा प्रसादी सभी भक्तो ने ग्रहण किया।

## नायब तहसीलदार पर रेत चोरों को संरक्षण देने के लगाए गंभीर आरोप

# तहसीलदार के माध्यम से रेत चोरी पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया में लंबे अरसे से हो रही रेत की चोरी का मूल कारण यह रहा है। कि इसमें कुछ भाजपा, कांग्रेस की नेता शामिल है और इन्होंने अधिकारियों को अपनी मंथली के दम पर चुप कर रखा है और बेखौफ तरीके से रेत की चोरी करते चले आ रहे हैं जिससे शासन की बदनामी लगातार हो रही थी।

इसीलिए चोरी के लेकर अब तामिया भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित सभी पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता हो रही रेत चोरी के खिलाफ मुखर हो गए हैं की हर हाल में रेत चोरी के कारण सरकार की हो रही बदनामी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची ने कल टीआई तामिया को रेत चोरी के वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है। इसी तर्ज पर उन्होंने




आज तामिया तहसीलदार उमराज सिंह वालरे को तहसील कार्यालय में तहसीलदार के द्वारा कलेक्टर महोदय को शिकायती पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने क्षेत्र में किसी भी खदान के स्वीकृत नहीं होने के बावजूद रेत की चोरी हो रही है।

नायब तहसीलदार के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवेदन दिया। उन्होंने आरोप में देलाखारी कुर्सीढाना बागई दौरियाखेडा क्षेत्र की नदी नालों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रॉली रेत का अवैध खनन किया जा रहा है जो सीधे तौर पर सरकार के खुले खजाने की चोरी है और बिना किसी वैध खदान के इतना बड़ा अवैध कारोबार स्थानीय प्रशासन की मिली भगत के बगैर संभव नहीं हो सकता, ऐसे आरोप पत्र में लगाए गए हैं।

भाजपा मंडल ने नायब तहसीलदार प्रकाश कुमार परते द्वारा हो रही इस रेत चोरी को मौन स्वीकृति एवं संरक्षण दिए जाने के आरोप भी लगाये है। आरोप में यह भी कहा की सूचना देने पर भी उनके द्वारा पर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की जाती है। खदान स्वीकृत न होने के कारण शासन को शत प्रतिशत राजस्व की हानि होना भी बतलाया है और इस रेत के अवैध खनन से पर्यावरण नियमों की धज्जियां उड़ाये जाने की बात कही है।

आरोप में उन्होंने नायब तहसीलदार के विरुद्ध जांच कर तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने की भी मांग रखी है साथ अवैध उत्खनन स्थलों के रास्तों को शीघ्र बंद किया जाए। भाजपा कार्यकर्ता शासन की छवि खराब करने वाले अधिकारियों एवं माफिया के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई लड़ेंगे। यदि तत्काल प्रभाव से उत्खनन नहीं रोका गया तो हम तहसील कार्यालय का घेराव करने हेतु बाध्य होंगे। इन दो दिनों मै जिस तरीके से भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ता एवं पार्टी पदाधिकारी के साथ रेत के अवैध उत्खनन के खिलाफ मोर्चा खोला है जिससे निश्चित ही लंबे अंतराल से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन परिवहन पर अधिकारियों द्वारा रोक लगाने की मजबूरी आन पड़ी है। अब देखना यह है कि भाजपा मंडल के इतने कड़े विरोध के बाद अधिकारी अब किस तरह से रेत चोरी के कारण हो रही शासन की छवि को धूमिल होने से बचाएंगे। यह तो कार्रवाई होने और नहीं होने पर ही पता चल सकेगा। यदि कार्यवाही नहीं होती तो अपने पत्र में भाजपा मंडल ने सख्त चेतावनी दी है कि तहसील कार्यालय का घेराव करने मजबूर होना पड़ेगा।

अब ऐसी स्थिति में प्रशासन की जवाबदारी शासन की शाख बचाने की आन पड़ी है। तहसीलदार को पत्र देने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष दयाराम ईरुपाची उपाध्यक्ष रियाज खान कोषाध्यक्ष विजय शिवहरे मंडल उपाध्यक्ष सुमित्रा ठाकुर उपाध्यक्ष नीलेश डेहरिया धर्मेंद्र वासनिक मौजूद थे।

## होली, रंगपंचमी, रामनवमीं, ईद आदि पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से शांति समिति की बैठक सम्पन्न

# शांति पूर्वक मनाएं आगामी त्यौहार : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में होली, रंगपंचमी, नवरात्र, रामनवमी, हनुमान जयंती, रमजान, ईद आदि पर्व शांति एवं सद्भावनापूर्वक मनाये जाने की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में समिति के सदस्यों से आगामी पर्वों के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई और सुझाव लेते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये । इस संबंध में शांति समिति और जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से सभी त्यौहारों को शांति, सद्भावना और सौहार्द्र के साथ मनाये जाने की अपील भी की गई । बैठक में समिति के सभी अशासकीय सदस्य, पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार पांडेय, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, एएसपी श्री आकाश खरे, एसडीएम श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित समिति के सभी शासकीय सदस्य उपस्थित थे।

होली पर्व के लिए विशेष निर्देश- बैठक में एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी 02 मार्च को होलिका दहन और 03 मार्च को रंग उत्सव (धुरेंडी) तथा 08 मार्च को रंग पंचमी मनाने की जानकारी दी । प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि होलिका दहन के दौरान मुख्य सड़कों और बिजली के तारों के नीचे होलिका जलाने से बचें। हरे-भरे पेड़ों की कटाई न करें और सांकेतिक होलिका दहन को प्राथमिकता दें। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनधिकृत उपयोग और जबरन चंदा वसूली पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ईद-उल-फितर पर्व की जानकारी देते हुए एडीएम श्री सिंह ने बताया कि ईद-उल-फितर का पर्व 21 मार्च 2026 को मनाया जाएगा।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले में किसी भी त्यौहार को शांति और सद्भावनापूर्ण ढंग से मनाये जाने की बहुत अच्छी परंपरा है तथा इस जिले में समाज के सभी वर्गों के लोग मिलजुलकर सहयोग करते हैं और किसी भी समस्या के निदान के लिये सदैव तत्पर भी रहते हैं जो अनुकरणीय है । उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार मिलजुलकर आपसी सद्भाव और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में अच्छे से मनायें। शांति समिति के सदस्य होने के नाते अपने समाज के लोगों विशेषकर युवाओं को शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने के लिये प्रेरित करें और यदि युवा वर्ग अति उत्साह में गलत कदम उठाये तो उन्हें रोके । उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान पेयजल, साफ-सफाई, यातायात, पुलिस आदि की व्यवस्था के साथ ही जिला चिकित्सालय में मरीजों के आकस्मिक उपचार की समुचित व्यवस्था रहेगी ।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को आपातकालीन चिकित्सा टीम, दवाईयां, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था रखने और आयुक्त नगरपालिक निगम को कंट्रोल रूम में फायर बिग्रेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने समिति के सदस्यों से भी सुझाव प्राप्त किये और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि होली और अन्य पर्वो के दौरान उन्हें जो दायित्व सौंपे गये हैं और दिशा-निर्देश दिये गये हैं, उनका शत-प्रतिशत पालन किया जाना सुनिश्चित करें ।

### तंसरा माल गांव के नाड़ी वैद्य प्रीतम डोंगरे को मिला तृतीय पुरुस्कार

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा एम.एफ.पी.पार्क द्वारा निर्मित प्राकृतिक "होली रंग गुलाल" एवं "महाकाल स्मृति उपहार" का विमोचन किया गया प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान नाड़ी वैद्य श्री प्रीतम डोंगरे के प्राकृतिक चिकित्सा से प्रभावित होकर प्रशंसा की थी। कार्यक्रम में प्रबंध संचालक(मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ)डॉ.समिता राजौरा द्वारा वन मंडल पांढुर्ना के कन्हान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत संचालित श्री बंजारी स्व-सहायता समूह के नाड़ी वैद्य श्री प्रीतम डोंगरे के द्वारा दुर्लभ जड़ी-बूटियों के माध्यम से बनाया हुआ अचूक तेल एवं मस्सा लेप को आयुर्वेदिक औषधि मरीजो के लिए लाभदायक साबित होने पर इन्हें महाकाल वन मेला उज्जैन की ओर से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छिन्दवाड़ा एवं पांढुरणा जिले से इस आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में प्रदेश स्तर पर तृतीय पुरुस्कार प्राप्त करने पर छिन्दवाड़ा सीसीएफ श्री कमल अरोरा,डीएफओ(वन मंडल-पांढुरणा)श्री सचिन एच.नटगढ़ी आईएफएस), जैवविविधता संरक्षण के एमआरपी कैलाश सोनेवार एवं डॉ.संजय राय(बीएमओ) मोहखेड़,उपस्वास्थ केन्द्र-हिवरावासुदेव के एमओ श्री राकेश पवार ने खुशी जाहिर करते हुए श्री प्रीतम डोंगरे की प्रशंसा की गई।

### तीन दिवसीय मूर्ति स्थापना का भव्य कार्यक्रम हनुमान मंदिर मेगजीन दफाई दमुआ में

**दमुआः** श्री महाबली हनुमान जी का भव्य नवनिर्मित मंदिर मेगजीन दफाई दमुआ वार्ड न. 7 मे भव्य विशल नव निर्मित मंदिर मे तीन दिवसीय मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना का आयोजन किया गया है जहां माता दुर्गाजी, श्री महाबली हनुमान जी एवं गणेश जी, नंदी जी, श्री शिवलिंग जी महाराज की मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम धूमधाम पूर्वक किया जा रहा है। आयोजन विधिविधान अनुसार पूजन पाठ अनुष्ठान संस्कार शुभ मुहुर्त के आधार पर तीन दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है जिसमें दिनांक 18 फरवरी दिन बुधवार को कलश यात्रा मूर्तियों का नगर भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 19 फरवरी दिन गुरूवार को मण्डप प्रवेश कार्यक्रम एवं दिनांक 20 फरवरी दिन शुक्रवार को मूर्ति स्थापना होगी और फिर हवन पूजन पूर्णाहुति आरती के पश्चात भण्डारा प्रसादी का आयोजन भी रखा गया है समस्त भक्त श्रद्धालुओ से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आहवान आयोजक हनुमान मंदिर समिति मेगजीन दफाई दमुआ द्वारा किया गया है।

### पेंशन समय पर ना भिजवाने से पेंशनधारी पेशन के लिए हो रहे परेशान

**दमुआ।** पेंशनधारी वृद्ध मोहम्मद रफीक मामू चुडीवाले वार्ड न. 15 दमुआ , सुन्दर, शीला बाई, रमेश सोनी, सन्नो नौशाद विधवा पेशनधारी वार्ड न. 15 के निवासी आदि पेशन धारी ने बताया कि दो माह से पेंशन नही मिली है पेंशन समय पर ना मिलने परिवार एवं स्वयं गुजारा बसारा करने में काफी दिक्कत परेशानी का सामना करना पड रहाहै वैसे भी इस मंहगाई के दौर में आर्थिक तंगी का सामना करना पड रहा है सरकार की योजनाओं का सही समय पर लाभ नही मिल रहा है वैसे भी सरकार को चाहिए कि मंहगाई भत्ता को मद्देनजर रखते हुए पेंशन बढाना चाहिए। खास बात तो यह है कि सरकार की योजनाओं के अन्तर्गत मिलने वाली वृद्ध पेंशन हो, या फिर विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य मिलने वाली पेंशन क्यों ना हो पेशन हर माह मिलना चाहिए मगर समय पर पेशनधारियों को पेंशन नही मिलती है कई बार तो दो-तीन महिने हो जाते है और पेंशन का ठिकाना नही रहता पेंशन तो आती है किन्तु नगर पालिका के संबंधित न.पा. दमुआ अधिकारी एवं नुमाईंदो एवं बैक अधिकारियों की लापरवाही के कारण पेशन और भी लेट लतीफा तरीके से डाली जाती है एन्ट्री होने के बाद भी पेंशन का भुगतान होता है इस तरह पेंशन भिजवाने में घोर लापरवाही की जाती है।

### शिविर में पहुंची महिला शक्ति - महिला शिक्षा आत्मनिर्भरता आत्मरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण पर हुई परिचर्चा

**जुन्नारदेव।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर ग्राम उमरिया फदाली में सशक्त महिला – सशक्त समाज – सशक्त राष्ट्र विषय पर विविध जागरूकता एवं बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. ए. के. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि नागवंशी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. रश्मि नागवंशी ने उपस्थित अतिथियों, ग्राम के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं स्वयंसेविकाओं का स्वागत करते हुए कहा कि नारी केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है और राष्ट्र प्रगति की ओर अग्रसर होता है।तृतीय दिवस पर स्वयंसेविकाओं ने ग्राम में घर-घर जाकर महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया तथा बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए सजग रहने एवं मार्शल आर्ट सीखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पॉलिथीन मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने संदेश दिया कि यदि महिलाएँ ठान लें कि घर में पॉलिथीन का उपयोग नहीं होगा, तो निश्चित ही पॉलिथीन मुक्त ग्राम का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सविता बोसम, नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, महिला मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वरी भन्नारे, अधिवक्ता रंजीता डेहरिया एवं सीईओ रश्मि चौहान उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्वयंसेविकाओं के कार्यों की सराहना की।




# हम फाउंडेशन ने कलेक्टर से मिलकर मांगा रिंग रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज हम फाउंडेशन पांढुर्णा ने कलेक्टर नीरज वशिष्ठ से भेंट कर शहर की यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और विकास के मद्देनजर नागपुर एवं अमरावती मार्ग को जोडने हेतु रींग रोड बनाए जाने की मांग की। ज्ञात हो कि नागपुर तथा छिंदवाडा की ओर से अमरावती, वरूड, परतवाडा की ओर आनेजाने वाले वाहनों का आवागमन पांढुर्णा शहर के बीच से होता है। शहर में अनेक शालाएं, मुख्य बाजार, बैंक तथा रिहायशी इलाका है। भारी वाहनों के निरंतर आवाजाही से आंतरिक सडकें जल्द ही जर्जर हो जाती है तथा दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। हम फाउंडेशन के अनुसार नागुपर भोपाल हाइवे पर पूर्व दिशा में स्थित मोरडोंगरी, मुंगूसखेडा, अंबाडा खुर्द होते हुए कलमगांव, छोटी खेडी होते हुए हाइवे पर चिचखेडा जोड पॉइंट तक रींग रोड बनाया जाना उचित होगा। संस्था ने कलेक्टर से मांग की कि पांढुर्णा को जिला बने 2 वर्ष बीत गए है लेकिन अनेक जरूरी शासकीय कार्यालयों का संचालन अभी भी छिंदवाडा से किया जा रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यालय की शहर में जल्द स्वीकृति प्रदान कर स्थापना की जाए।

# महाप्रसाद ग्रहण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**सौंसर।** महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत मोहगांव हवेली में अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भगवान अर्धनारीश्वर की भव्य शोभायात्रा निकली जिसमें दर्जनों भजन मंडली, सजीव चल झांकीयां तथा हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। गुरुवार को दही लाई गोपाल काला कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की तादाद में ग्राम वासियों एवं श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। नगर में निकली भव्य शोभायात्रा मार्ग पर जगह जगह चाय, शरबत, मट्ठा, पेयजल एवं विभिन्न प्रकार के नाश्ते की व्यवस्था की गई थी। दोपहर को अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली से निकली शोभायात्रा रात्रि में वापस महाशिवरात्रि महोत्सव पंडाल पहुंची। शोभायात्रा में सम्मिलित सभी भजन मंडलीयों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार काल भैरव सेना शिव पार्वती विवाह ( अक्षय भांगे ) को प्रथम पुरस्कार, मां काली द्वारा रक्तबीज संहार ( सरस्वती शिशु मंदिर ) को द्वितीय, श्रीगणेश परशुराम संवाद ( सनफ्लावर स्कूल ) को तृतीय, आदियोगी पार्वती तपस्या



(शिवम घोडमारे )चतुर्थ, शंकर नंदी ( मनोहर कोल्हटकर ) पांचवां , कृष्ण बर्बरीक संवाद ( राधाकृष्ण बांकेबिहारी मठ ) को छटवां, द्रौपदी चिर हरण ( चैताली ढोबले ) को सातवां, खाटु श्याम ( हिमांशु कामडे ) को आठवां, शारदा देवी ( रामदास मोटघरे ) को नौवां तथा नागेश्वर महादेव ( युवराज कामडे ) को दसवें पुरस्कार से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान कमेटी व उपस्थित अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया।गोपाल काला कीर्तन दहिलाही में उमड़ी भारी भीड़.....महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को मंदिर परिसर में सामुहिक विवाह तथा हभप गणेश महाराज खेडेकर इनके श्रीमुख से गोपाल काला दहीहंडी किर्तन का आयोजन किया गया जिसमें श्री महाराज के द्वारा भगवान के विभिन्न लीलाओं एवं गोपाल काला कीर्तन दही हांडी के साथ ईश्वर के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया,महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत दलाई कीर्तन के साथ में मंदिर परिसर में विशाल महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से हजारों शिव भक्तों महिलाओं बच्चों ने पहुंचकर श्री मूर्ति के दर्शन के साथ महाप्रसाद को ग्रहण किया।

# कुम्हारों के हित में पार्षद संदीप मिश्रा 25 फरवरी को बैठेगे भूख हड़ताल पर





**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी के वॉर्ड नंबर 10 के पार्षद व लोक निर्माण विभाग समिति के सभापति संदीप मिश्रा कुम्हारों की मांग पूरी नहीं होने पर आगामी 25 फरवरी को अपनी ही परिषद व सरकार के खिलाफ नगरपालिका के सामने टैंट लगाकर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

इस आशय की जानकारी पार्षद संदीप मिश्रा द्वारा नगरपालिका मुख्य अधिकारी सूर्य प्रकाश उके को देते हुए उसकी प्रतिलिपि कलेक्टर बालाघाट, अध्यक्ष नगरपालिका वारासिवनी, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल व एसडीएम वारासिवनी को ज्ञापन के माध्यम से दी गई है।

भूख हड़ताल के संबंध में जानकारी देते हुए पार्षद संदीप मिश्रा ने बताया कि नगर के अंबेडकर चौक के समीप कई वर्षों से नगर के कुम्हारों द्वारा अपनी मिट्टी से बने हुए घड़े, बर्तन आदि की अस्थायी दुकान लगाकर जीवनयापन कर रहे है। परंतु डेढ़ वर्ष पूर्व श्रीमती आशा पति ऋषभ जैन द्वारा धारणाधिकार के तहत पट्टा प्राप्त करने हेतु निकाय का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया था। जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया था कि कुम्हारों के व्यापार व्यवसाय को छोडक़र शेष भूमि पर श्रीमती आशा जैन काबिज हैं। परंतु बाद में अनापत्ति प्रमाण पत्र को संशोधन कर नया अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जबकि नजूल के मेंटेनेंस खसरे में कुम्हारों के लिए वह आरक्षित भूमि दर्ज है। परंतु जैन परिवार द्वारा कुम्हारों को उस स्थान पर व्यापार करने से रोका जा रहा है। जिससे उन्हें व्यापार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान समय में उन्हें सडक़ पर बैठकर व्यवसाय करना पड़ रहा है, जिससे बाजार के अंदर आवागमन की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कुम्हारों द्वारा 23 दिसम्बर 25 को कलेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद वारासिवनी को ज्ञापन देकर उनकी समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया गया था। लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

ज्ञापन में उन्होंने अनापत्ति प्रमाण पत्र के मामले की सूक्ष्मता के साथ पूरी जॉच करने और पूर्व में जारी अनापत्ति को निरस्त करने की मॉग की है और कहा है कि अगर कुम्हारों की मांगों का निराकरण नहीं किया जाता है, तो उनके द्वारा नगरपालिका के सामने टेंट लगाकर भूख हड़ताल प्रारंभ कर दी जायेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी नगरपालिका प्रशासन की होगी।

### एक सप्ताह से लापता शख्स की जंगल में मिली लाश

**कटंगी।** घर पर बिना कुछ बताए अचानक से गायब हुए शख्स का शव जंगल के भीतर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। लाश मिलने की यह घटना बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के गर्रा चौकी से हथोड़ा के बीच जंगल की है। जहां पर कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम दुधारा निवासी रामदास वाघाड़े की लाश मिली है। रामदास वाघाड़े 13 फरवरी से लापता था। जिसकी कटंगी थाने में गुमशुदगी की रपट दर्ज थी। पुलिस और परिजन दोनों ही उनकी तलाश कर रहे थे। गुरूवार की सुबह करीब 08 बजे परिजनों ने गर्रा चौकी से हथोड़ा के बीच जंगल में एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी लाश देखी। कपड़ों के आधार पर परिजनों ने मृतक की पहचान की और पुलिस को सूचना दी। तिरोड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद करने के बाद सरकारी अस्पताल कटंगी में शव का पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के पुत्र अंकलेश वाघाड़े के मुताबिक उनके पिता 13 फरवरी से लापता थे। जिनकी तलाश की जा रही थी। अंकलेश ने बताया कि आज सुबह जब वह अपने पिता की तलाश करने के निकले तो जंगल में उनकी लाश दिखाई दी। करीब 01 वर्ष से मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। बता दें कि मृतक की बेटी दामाद ग्राम सादाबोड़ी और चाकाहेटी में निवास करते है यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि वह अपने दामाद के घर जाने के लिए निकले होगें। लाश करीब 05 दिन पुरानी होने की वजह गलना शुरू हो चुकी थी।

# निजी दलालों के साथ मिलकर चेक प्वाइंट बनाकर अवैध वसूली कर रही महिला अधिकारी





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

परिवहन विभाग की एक महिला अफसर मंगलवार को कटंगी क्षेत्र में चेक प्वाइंट बनाकर अवैध वसूली करते हुए नजर आई है। परिवहन उपनिरीक्षक भाग्यश्री राजवैद्य प्रभाकर नाम की महिला अफसर को निजी दलालों के साथ मिलकर वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुए देखा गया। कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर लोहमारा बैरियर से कुछ दूरी पर महिला अधिकारी दो सरकारी कर्मचारी और दो निजी दलालों के साथ सुबह करीब 05 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच वाहनों से अवैध वसूली करती हुई स्पॉट की गई। सरकारी खजाने को चूना लगाकर महिला अधिकारी वर्दी की आड़ में कर रही काली कमाई को निजी दलाल किशोर कुमार शिवनकर के फोन पे नंबर पर जमा करवा रही थी जो वसूली के वक्त उनके साथ वहीं पर मौजूद था। इसके अलावा नंद किशोर उर्फ नंदू शर्मा नाम का दलाल भी महिला अफसर के साथ वसूली में शामिल दिखाई दिया। जिन वाहनों के चालकों से अवैध वसूली की जा रही थी उन्हें बदले में चेक स्लिप नाम की पर्ची थमाई जा रही थी। जिसमें विभाग की मुहर तक नहीं लगी थी। अज्ञानता और विभाग की कार्रवाई के डर से कोई वाहन चालक इस बात का विरोध तक नहीं कर रहा था। हालाकिं एक वाहन मालिक ने हमें अवैध वसूली की जानकारी दी। जिसके बाद हम मौका स्थल पर पहुंचे कुछ देर पूरी कार्रवाई को देखा और समझा तो पाया कि सरकारी कर्मचारी और दलाल मिलकर सड़क पर चलने वाले माल वाहन वाहनों को रोक रहे है और चालान के नाम पर चेक स्लिप देकर वसूली की जा रही है। जिन वाहनों से चेक स्लिप के जरिए वसूली की गई। उन वाहनों के नंबर एक अलग रजिस्टर में रकम के साथ नोट किए जा रहे है। अवैध वसूली कर रही महिला अधिकारी से जब चर्चा करने की कोशिश की गई तो वह गाड़ी से नीचे नहीं उतरी और मीडिया कर्मियों से परिचय पत्र मांगने लगी जब परिचय पत्र दिखाया तो उन्होंने अपने मोबाइल में परिचय पत्र की तस्वीर ले ली और फिर बेहद चालाकी से मौका स्थल से वाहन लेकर फरार हो गई। इस पूरे मामले को लेकर जिला परिवहन अधिकारी अनिमेश गड़पाल से दूरभाष पर चर्चा की गई तो वह कुछ कहने से बचते हुए नजर आए। जिससे प्रतीत हुआ कि इस अवैध वसूली में महिला कर्मचारी को वरिष्ट अधिकारी का भी संरक्षण मिला हुआ है।

विगत वर्ष राज्य सरकार ने सीमाओं में बने चेक पोस्ट को बंद कर चेक प्वाइंट की व्यवस्था लागू की। अब इस व्यवस्था को परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी काली कमाई का जरिया बना लिया है। जिन नियमों के साथ यह व्यवस्था लागू की गई है उसका अधिकारी और कर्मचारी खुला उल्लंघन कर रहे है। कटंगी-सिवनी रोड़ पर महिला अधिकारी अस्थाई चेक प्वांइट बनाकर वाहनों की जांच कर रही थी तो इस यूनिट के साथ ड्रायवर के प्राइवेट दलाल भी मौजूद थे। चालानी कार्यवाही जो केवल पॉश मशीन के माध्यम से की जानी चाहिए थी। उसके बदले चेक स्लीप दी जा रही थी। पूरी कार्रवाई के दौरान सबसे खास बात बॉडी वार्न कैमरा तक मौजूद नहीं था। यानी साफ प्रतीत होता है कि चेक प्लाइंट सरकार का खजाना भरने के लिए नहीं बल्कि खुद की जेब भरने के लिए बनाया गया था।

बता दें कि मंगलवार को करीब 06 घंटे की जांच कार्रवाई के दौरान महिला अधिकारी और दलालों ने मिलकर वाहन चालकों से मोटी रकम की उगाही की। उगाही की यह राशि दलाल किशोर कुमार शिवनकर के बैंक खाते में जमा हुई है। जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गड़पाल चाहे तो वह इस पूरे मामले में जांच कर अपनी ईमानदारी का परिचय दे सकते है। उन्हें परिवहन उपनिरीक्षक भाग्यश्री राजवैद्य प्रभाकर से पूछना चाहिए और बताना भी चाहिए कि सरकार के नियमों के विरुद्ध कार्रवाई के समय किशोर कुमार और नंदकिशोर शर्मा नाम का बाहरी व्यक्ति उनके मातहत कर्मचारियों के साथ सरकारी वाहन में क्या कर रहा था और उन्हें यह बात सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिए। कलेक्टर मृणाल मीणा चाहे तो वह भी इस मामले में संज्ञान लेकर दोनों ही व्यक्ति के बारे में पता लगा सकते है कि आखिरकार यह दोनों परिवहन विभाग के अधिकारी के साथ क्या कर रहे थे। इन दोनों ही व्यक्तियों के बैंक खातों की भी जांच होनी चाहिए। तभी दूध का दूध और पानी का पानी होगा। वरना परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा सरकारी खजाने को चूना लगाकर खुद का जेब भरने की यह परपंरा निरंतर चलते ही रहेगी।

# विधायक विवेक पटेल के प्रयासों से क्षेत्र की 7 सड़क बजट में हुई शामिल

### विधायक ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और वित्त मंत्री का जताया आभार



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रयासों के बाद मध्यप्रदेश के बजट में ग्रामीण कनेक्टिविटी और बुनियाद ढांचे को मजबूत करने के लिए वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। बजट में वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र की झालीवाड़ा बासी अंसेरा मार्ग, खैरी गोंडीटोला सावरी मार्ग, खैरी पवारीटोला मरघट टोला खैरी मार्ग, किन्हीं से खैरी मार्ग, डोके से बिटोड़ी मार्ग, गर्राटोला झाडग़ांव मार्ग, साकड़ी पांचूटोला डांगुरली मार्ग सहित कुल सात सडक़ों की सौगात मिली है। सडक़े बनने के बाद दूर दराज के इलाकों को मुख्य सडक़ से जोडऩे में मदद मिलेगी। तो वहीं सडक़े बनने के बाद व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि सडक़े बनने के बाद विकास की दिशा को और गति मिलेगी।आने वाले समय पर सडक़े बनने के बाद इसका लाभ सीधे ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को मिलेगा। नागरिकों और कार्यकर्ताओं के स्नेह के लिए धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए मै प्रयासरत हूॅ। मैने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मुलाकात कर क्षेत्र की बहुत सी सडक़ों को बनवाने की मांग की थी। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया था कि बजट में क्षेत्र को लाभ मिलेगा। विधायक बनने के बाद मै लगातार क्षेत्र के विकास के लिए समय-समय पर मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मुलाकात कर क्षेत्र की मांगों को उनके समक्ष रखता हूॅ और क्षेत्र की मांगों को गम्भीरता से लेते हुए पूरा करने का आश्वासन भी देते हैं।

# समाजसेवी प्रल्हाद गजभिऐ सहित ग्रामीणों ने पुलिया की मांग को लेकर सौंपा था ज्ञापन

### गजपुर पाजरा के मध्य चंदन नदी पर बनेगा पुल विधायक गौरव सिंह पारधी ने दिलाई स्वीकृति



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई। खैरलांजी तहसील के गजपुर–पांजरा के मध्य स्थित चंदन नदी पर पुल निर्माण को बजट सत्र में स्वीकृति मिल गई है। कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी ने इस महत्वपूर्ण कार्य को मंजूरी दिलाकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है।यह सफलता समाजसेवी प्रहलाद गजभिए के सतत प्रयासों और जनसहयोग का परिणाम है। हाल ही में प्रहलाद गजभिए के नेतृत्व में समाजसेवी जितेंद्र गौतम सहित ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर पुल निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया था। पूलिया की इस मांग के प्रति विधायक के द्वारा गंभीरता दिखाई गई और स्वीकृती दिलाई जिससे विकास की गति तेज होगी ।ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में चंदन नदी उफान पर होने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था। स्कूली बच्चों, किसानों, मरीजों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे।बजट में स्वीकृति के बाद विधायक गौरव सिंह ने स्वयं फोन कर समाजसेवी प्रहलाद गजभिए एवं जितेंद्र गौतम को खुशखबरी दी। पुल निर्माण की स्वीकृति मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुल निर्माण से गजपुर, पांजरा सहित आसपास के गांवों का संपर्क सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।तथा बताया गया की विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा चिखलाबांध से गजपुर मार्ग निर्माण के लिए स्वीकृत कराया गया। जिसके लिए ग्राम पंचायत दुधारा सरपंच डॉ पुष्पेन्द्र सिंह देशमुख, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरूणा गजभिऐ, रवि पिंटू मिश्रा ,चिखला बांध पूर्व सरपंच नेतलाल रामटेके, दुधारा पूर्व सरपंच राजेश मिश्रा, पूर्व जनपद सदस्य नंदकिशोर भालाधरे ,दीलिप बिसेन चममालाल बघेले, मिश्रीलाल पटले, संदीप मानकर ओमप्रकाश पटले,गणेश राहंगडाले , धनेन्द्र सहारे अन्य ग्रामीणजनो के द्वारा खुशी जाहिर करते हुए विकास कार्यो की सौगात के लिए क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया गया।

**खबर संक्षेप**

### 22 फरवरी को होगी चयन परीक्षा, प्रवेश पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी जिला सिवनी ने जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान की प्रदेश स्तरीय चयन परीक्षा 22 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।



### धर्म की नगरी धारना मे राम कथा का प्रवाह

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धर्म की नगरी धारना कला मे प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान रास बिहारी के मन्दिर प्रांगण मे राम कथा की अमर्त्य मय कथा का वाचन भगवतोपासक बाल व्यास गीत किशोर दुबे के द्वारा किया जा रहा है जिसमे भारी तादाद मे महिलाओ के द्वारा भगवान राम की कथा श्रवण किया जा रहा है प्रथम दिवस राम कथा की शुरूआत मे महिलाओ के द्वारा शोभायात्रा के रूप मे नगर का भ्रमण करते हुए भगवान राम सीता की झांकी को सजाकर नगर का भ्रमण करते हुए जयकारे के साथ नगर मे सभी को भगवान राम की कथा श्रवण के लिये आमंत्रण के रूप मे शोभायात्रा के रूप मे संदेश दिया गया की भगवान रास बिहारी के दरबार मे भगवान राम की अमरत्व कथा का शुभारम्भ हो चुका है।

## मेटेबानी-खवासा नागपुर रोड पर उडऩदस्ता की बड़ी कार्रवाई

# 302 क्विंटल गेहूं से भरा ट्रक पकड़ा, 58,688 रुपये की वसूली

**मंडी क्षेत्र में अवैध अनाज परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त संचालक मंडी बोर्ड आंचलिक कार्यालय जबलपुर के निर्देश पर संभागीय उडऩदस्ता दल ने बुधवार देर रात लगभग 2 बजे मेटेबानी-खवासा नागपुर रोड पर गेहूं से भरे एक ट्रक को पकड़ा।**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

पकड़े गए ट्रक क्रमांक केए 40 ए 6035 की जांच में 302 क्विंटल गेहूं लदा मिला, जिसे बिना वैध मंडी दस्तावेजों के जबलपुर से बैंगलोर ले जाया जा रहा था। उडऩदस्ता दल ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर पंचनामा तैयार किया और मंडी सचिव सिवनी को सुपुर्द कर दिया।

कार्रवाई के दौरान कुल 58,688 रुपये की वसूली की गई, जिसमें पाँच गुना मंडी शुल्क 44,740 रुपये, निराश्रित शुल्क 8,948 रुपये तथा समझौता शुल्क 5,000 रुपये शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार ट्रक तिवारी ट्रेडर्स, जबलपुर का बताया जा रहा है, जो कथित रूप से गैर-अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी है। शुल्क जमा करने के बाद वाहन को राहत तो मिल गई, लेकिन पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं बिना स्थानीय मंडी की जानकारी के कैसे परिवहन किया जा रहा था? क्या यह मामला केवल नियम उल्लंघन का है या इसके पीछे कोई और बड़ा खेल छिपा है?

स्थानीय मंडी प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

जबलपुर से आई उडऩदस्ता टीम लगातार कार्रवाई कर रही है, जबकि स्थानीय अमले की निष्क्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है। क्षेत्र में अवैध अनाज परिवहन के मामलों पर अब सख्त और पारदर्शी कार्रवाई होनी चाहिए

# कोयला पावर प्लांट की राख से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।**



सिवनी जिले के लखनादौन में गुरुवार सुबह 11 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गया। यह हादसा स्टेट बैंक के पास हुआ। राहत की बात यह रही कि ट्रक ड्राइवर सुरक्षित है और कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

जानकारी के मुताबिक, ट्रक कहानी गांव से जबलपुर की तरफ जा रहा था। जैसे ही ट्रक लखनादौन के स्टेट बैंक के पास पहुंचा, ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और ट्रक पलट गया। जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। यह जगह काफी भीड़भाड़ वाली है, गनीमत रही कि जिस वक्त ट्रक पलटा, वहां कोई राहगीर या दूसरा वाहन मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक में कोयला पावर प्लांट की राख भरी थी। हादसे की खबर मिलते ही लखनादौन पुलिस मौकेपर पहुंची और जाम खुलवाकर यातायात को सामान्य कराया। थाना प्रभारी के. पी. धुर्वे ने बताया कि पुलिस ने ट्रक ड्राइवर से पूछताछ शुरू कर दी है। शुरुआती तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को ही हादसे की वजह माना जा रहा है। हादसे कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस प्रशासन ने ड्राइवरों को सलाह दी है कि वे खासकर मोड़ों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गाड़ी की रफ्तार पर काबू रखें। लापरवाही से गाड़ी चलाना दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। पुलिस अब मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# वन देवी माता बंजारी परिसर पर पेयजल संकट

सिवनी जिले के अंतर्गत केवलारी -उगली रोड के मध्य पुलिस थाना उगली के अंतर्गत धार्मिक स्थल वन देवी बंजारी में बीते एक माह से हैंडपंप खराब होने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को और मंदिर परिसर के आजू-बाजू जो गहन वन क्षेत्र में इस स्थल पर वन्य प्राणी मुख्य रुप से बंदर और अन्य प्राणियों का सहारा मां वनदेवी बंजारी परिसर है,जहां पर एक हैंडपंप लगा हुआ है जो विगत एक माह से बंद पड़ा है, जिसके लिए मौखिक रूप से पीएचई के जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना दी है, इसके बावजूद भी अभी तक इस हैंडपंप का सुधार नहीं किया गया है,आगामी समय ग्रीष्म काल और टेंपरेचर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है, और भीषण गर्मी के माहौल बनने वाले हैं, जिसको लेकर बंजारी समिति के पदाधिकारीयों ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कलेक्टर से निवेदन किया है की शीघ्र अति शीघ्र पी एच ई को बोलकर इस हैंडपंप का सुधार कार्य किया जा सके जिससे आगामी दिनों में चैत्र प्रतिपदा नवरात्र में इस धार्मिक स्थल पर सैकड़ों भक्तों का आना-जाना श्रद्धा भक्ति भाव को लेकर होता है,जिसमें पानी की मुख्य समस्या का निवारण होना चाहिए मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारी ने इसकी सूचना विभाग को भी दी है, लेकिन आज दिन तक यह हैंडपंप जो खराब अवस्था में सुधार के लिए तरस रहा है।



# गायत्री परिवार केवलारी के 23 वे रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने 80 युनिट ब्लड दान किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।**

हर एक मिनिट मे देश भर मे अपातकालीन स्तिथि मे रक्त की आवश्यकता होती हैं ,दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल, सर्जरी वाले मरीजों, कैंसर रोगियों, और एनीमिया/ब्लड डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों की जान बचाना ही मानवता का धर्म है। चूँकि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं होता है, मानव ही मानव की रक्षा कर सकता इसी विचार धारा को परिभाषित करते हुए ब्लड डोनेट केम्प आयोजित होते है। प्रतिवर्ष गायत्री पीठ के द्वारा गायत्री मंदिर मे रक्तदान शिविर का आयोजन होता है। दिनांक 18 फरवरी को 23वें रक्तदान शिविर का आयोजन गायत्री माता की पूजन वेद मंत्र के उच्चारण के साथ शुभारंभ



हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जन उपस्थित रहे । जिसमे गायत्री परिवार केवलारी के वरिष्ठतम परिजन शिवशरण पाठक , दुर्गा प्रसाद साहू, ओमकार चौरसिया, अनूप बघेल, सुत राय, संस्था प्रमुख सुरेन्द्र (छोटू साहू), ट्रस्टी गणेश लाल झारिया, रमेश बिसेन, जवाहरलाल चौधरी, जिला ब्लड बैंक अधिकारी संतोष डेहरिया, स्वराज सिंह बघेल, नीरज रानू ठाकुर पार्षद की गरिमामय उपस्थिति मे आयोजित शिविर में रक्तदाताओं ने 80 युनिट ब्लड डोनेट किया । रक्तदाताओं को गायत्री पीठ के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक केवल बालकों के प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार अभ्यर्थी लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। चयन परीक्षा 12 मार्च से 14 मार्च 2026 के मध्य शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश की मान्यता प्राप्त शालाओं से शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 8वीं न्यूनतम 'सी' ग्रेड तथा कक्षा 9वीं, 10वीं या 11वीं में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा वह नियमित छात्र होना चाहिए। अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं स्कूल शिक्षा विभाग अथवा मान्यता प्राप्त खेल संगठनों की अधिकृत प्रतियोगिताओं में सहभागिता के आधार पर मेरिट अनुसार किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे ने बताया कि आयु सीमा, चयन प्रक्रिया के दौरान ऊँचाई, वजन, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य मापदंडों की विस्तृत जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर उपलब्ध है।

## बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बड़ी कार्रवाई

# दो डीजे संचालकों पर कोतवाली पुलिस का शिकंजा, वाहन सहित साउंड सिस्टम जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

**सिवनी। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों की सुविधा और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कोतवाली पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो डीजे संचालकों पर प्रकरण दर्ज कर डीजे सिस्टम और वाहन जब्त किए हैं।**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली सिवनी द्वारा बिना अनुमति एवं निर्धारित समयावधि के बाद तेज आवाज में डीजे बजाने पर महामाया लॉन भैरोगंज के सामने एवं प्रकाश नगर क्षेत्र में कार्रवाई की गई।

दोनों मामलों में धारा 7/15 कोलाहल अधिनियम के तहत पृथक-पृथक अपराध पंबद्ध कर डीजे, साउंड सिस्टम एवं वाहन जब्त किए गए। आरोपी विकास बोम्बडे (23 वर्ष), निवासी ग्राम




दिग्धा, थाना तिरोड़ी, जिला बालाघाट सत्यम चंदेल (24 वर्ष), निवासी कटंगी नाका, सिवनी जब्त सामग्री 01 आयशर ट्रक क्रमांक रूक्क 4र्8 श्व 7984 12 साउंड सिस्टम जनरेटर मशीन लैपटॉप एवं अन्य उपकरण थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा क्षेत्र के लॉन संचालकों को भी नियमों का पालन सुनिश्चित करने एवं वैध अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### देव संस्कृति फाऊंडेशन द्वारा सेक्टर बैठक की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 18 फरवरी 2026 को नवांकुर संस्था देव फाऊंडेशन द्वारा सेक्टर सुकतरा विकासखंड कुरई जिला सिवनी के ग्राम बिहिरिया में आंगनवाड़ी केंद्र मे सेक्टर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सौरभ शुक्ला जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी के मार्गदर्शन एवं विशेष रूप से आमंत्रित कुलदीप सिंह ठाकुर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक कुरई की उपस्थिति में की गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे देव संस्कृति फाऊंडेशन के अध्यक्ष रंजीत रानू साहू द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रस्फुटन समिति के सदस्य गणों ने अपने पिछले माह के कार्यों का क्रमवार विवरण प्रस्तुत किया । इस बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कलबोड़ी , मोहगांव सड़क, सुकतरा, छीतापार, सारसडोल, सिललोर,परतापुर,गोंडेगाव आदि के समिति सदस्यों ने भाग लिया।

# धूमा में दुकानदारों के द्वारा किया गया सर्विस रोड पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन। सिवनी जिले के जनपद पंचायत लखनादौन के अंतरर्गत ग्राम धूमा में ढुकानदारों द्वारा रोड की सडक पर अतिक्रमण कर के रखा गया है जबकि सडक विभाग की जगह से 60 फिट तक रहती हैं 60 फिट छोड़ कर लोगों को अपनी सीमा में मकान या ढुकान बनाना था लेकिन ग्राम धूमा में लोगों के द्वारा सडक विभाग की जगह पर पक्का अतिक्रमण करके रखा है जो कि राजस्व विभाग की लापरवाही का नतीजा है जबकि कुछ महीनापुर सर्विस लाइन पर किए जाने वाले अतिक्रमण को लखनादौन अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अलग करवाया गया था। लेकिन धूमा पटवारी अपने आप को नि लाभ लेते जिसके चलते लोगों के द्वारा सडक की जगह पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है।

सर्विस लाइन पर अतिक्रमण के कारण बाधित होने वाले आवागमन के चलते पूर्व में लाल निशान लगाए गए थे। लेकिन अतिक्रमण के होने के बाद 4 दिन बाद से स्थिति यथावत हो गई। लेकिन सोचने की बाद यह है कि गोटेगांव तिराहे से लेकर कहानी तिराहा तक अतिक्रमण है लेकिन अतिक्रमण की कार्यवाही का नोटिस सिर्फ और सिर्फ सतीश अहिरवार को दिया गया है बाकी अतिक्रमणधारियों को नहीं दिया गया है क्या यह जातीगत वेश से किया गया है। नायब तहसील धूमा में अन्य लोगों को नोटिस न लगना यह अन्य लोगों से नायब तहसीलदार व्रत धूमा को नि लाभ पहुंचाते हैं। जब इसका विरोध सतीश अहिरवार के द्वारा किया गया तो नायब तहसीलदार वृत धूमा के द्वारा अपने पटवारी आर आई और पुलिस विभाग धूमा के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंच गए। और सिर्फ एक ढुकान सतीश अहिरवार अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। जबकि अन्य लोगों पर अतिक्रमण पर कोई कारवाई नायब तहसीलदार वृत धूमा द्वारा नहीं गई।



### थांवरी में गेहूं उपार्जन केन्द्र की मांग, किसानों ने पूर्व विधायक को सौंपा आवेदन



धनोरा विकासखंड की मझगंवा कुडारी सोसायटी अंतर्गत ग्राम थांवरी में गेहूं उपार्जन केन्द्र की स्वीकृति को लेकर क्षेत्रीय किसानों ने आदरणीय पूर्व विधायक भाई साहब राकेश पाल को आवेदन सौंपा। इस अवसर पर किसानों की ओर से जसवंत सिंह बघेल, बालमुकुंद बघेल, उत्तम बघेल, रामरंजन बघेल, रामनरेश राय, सुत राय एवं संतोष गुमास्ता ने संयुक्त रूप से आवेदन प्रस्तुत किया। किसानों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र के अभाव में गेहूं विक्रय हेतु दूर जाना पड़ता है, जिससे समय व लागत दोनों बढ़ते हैं। विधायक राकेश पाल ने किसानों की बात सुनते हुए आश्वस्त किया कि थांवरी में पुनः गेहूं खरीदी केन्द्र सुनिश्चित कराने के लिए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक के आश्वासन से किसानों में संतोष देखा गया और उन्होंने किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया।

# हायर सेकेंडरी परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, 7457 परीक्षार्थी हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायरसेकेंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत बुधवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में हायरसेकेंडरी की परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। जिले में 10 फरवरी से 7 मार्च तक परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जा रही है। 18 फरवरी को हायरसेकेंडरी के रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलीमेंट्स ऑफ साइंस एंड मैथमेटिक्स यूजफुल फॉर एग्रीकल्चर तथा गृह प्रबंधन, पोषण एवं वस्त्र विज्ञान विषयों की परीक्षा जिले के 81 केंद्रों पर आयोजित हुई। इस दौरान कुल 7,528 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 7,457 उपस्थित रहे जबकि 71 अनुपस्थित रहे। नकल का कोई भी प्रकरण सामने नहीं आया।परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को भे गई। जिलास्तरीय निरीक्षण दल द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उमावि कुरई, शासकीय कन्या उमावि कुरई, शासकीय उमावि खवासा, सांदीपनी शासकीय उमावि सुकतरा एवं शासकीय उमावि गोपालगंज का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा विकासखंड स्तरीय उडऩदस्ता दलों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्विघ्न एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई।

## विभिन्न योजनाओं के 400 से अधिक हितग्राहियों को किया गया स्वीकृति पत्र वितरण

# 316 युवाओं का निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में हुआ प्रारंभिक चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

जिला स्तरीय स्वरोजगार समागम एवं रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का राशि लॉन, बारापत्थर सिवनी में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले रहीं। कार्यक्रम में अजय बाबा पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋण के स्वीकृति एवं वितरण पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 18 फरवरी 2026 तक मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आविका मिशन , मुद्रा योजना, आदिवासी वित्त विकास निगम, अंत्यव्यवसायी विभाग, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग आदि की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 28,938 प्रकरणों में लगभग 359.04 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत/वितरित की गई। मेले में स्वरोजगार योजनाओं अंतर्गत 407 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र-ऋण वितरण किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाएँ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से नि क्षेत्र की कंपनियों और



स्थानीय युवाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों को त्वरित अवसर प्राप्त होते हैं। कलेक्टर ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप अवसरों का लाभ उठाएं तथा स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से स्वयं उद्यम स्थापित कर अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि चयनित अभ्यर्थियों एवं हितग्राहियों को समयबद्ध सहायता सुनिश्चित की जाए।

आयोजित रोजगार मेले में नि क्षेत्र की 17 विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। कुल 440 आवेदकों ने पंयन कर सहभागिता की, जिनमें से 316 आवेदकों का विभिन्न पदों पर प्रारंभिक चयन किया गया। प्रारंभिक चयन में आयशर मोटर्स मंडीदीप द्वारा 15, मोबिटेक न्यू दिल्ली द्वारा 28, वैदनिक इंटरप्राइसेस सिवनी द्वारा 05, सीआईआई-एमसीसी द्वारा 30, क्रेडिट एक्सेस लिमिटेड द्वारा 15, एलआईसी ऑफ इंडिया सिवनी द्वारा 22, आरएसडब्ल्यूएम डीडीयू केवाय द्वारा 12, डीके कैरियर छिंदवाड़ा द्वारा 15, बजाज अंबुजा फाउंडेशन छिंदवाड़ा द्वारा 30, सीआईआई छिंदवाड़ा द्वारा 30, अंबुजा सीमेंट द्वारा 15, एनआईआईटी लिमिटेड गुडग़ांव द्वारा 38, सेफ शॉप सिवनी द्वारा 10, एमआई लाइफ सिवनी द्वारा 15, दिवा सीक्रेट इंटरनेशनल द्वारा 3, कटरे इंटरप्राइसेस द्वारा 3 तथा अजाईल सिक्यूरिटी हैदराबाद द्वारा 30 आवेदकों का चयन किया गया। अप्रेंटिसशिप हेतु आडानी आयशर मोटर्स द्वारा 15 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में सुरक्षा गार्ड, ट्रेनी, सहायक, कॉल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन ऑपरेटर, पर्यवेक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं तकनीकी सहायक आदि पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आशीष नोएल, जिला रोजगार अधिकारी व्ही.के. सदाफल, प्राचार्य रघुराज नागोत्रा शासकीय आईटीआई सिवनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हार्टफुलनेस और सृजन टीम के योगदान हेतू सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज छिंदवाड़ा राकेश कुमार सिंह ,पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के करकमलों से स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए डीआई द्वारा सिवनी पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व में किए गए कार्यों की सराहना की गई।और सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि *पुलिस के साथ जब समाज और सामाजिक संगठन मिलकर काम करते हैं,तब दीर्घकालिक और स्थाई प्रतिफल प्राप्त होते हैं साथ ही विभिन्न सामाजिक और समसामयिक सरोकारों पर मार्गदर्शन और विस्तार से चर्चा की गई। इस सम्मान समारोह में एसडीओपी महोदय बरघाट ललित गठरे,एसडीओपी अपूर्व भलावी,एसडीओपी केवलारी आशीष भराड़े,सीएसपी सिवनी सचिन परते की गरिमामय उपस्थिति रही और कार्यक्रम का संचालन रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू सर द्वारा व सम्पन्न अभियानों व कार्यक्रमों के वीडियो प्रेजेंटेशन आर. नारायण ठाकरे द्वारा किया गया। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नवाचारों के क्रम में जहां एक ओर पुलिस कैसे स्वस्थ,सरल और तनाव मुक्त होकर काम करे इस हेतू हार्टफुलनेस नियमित ध्यान अभ्यास से जोड़ा जा रहा हैं,साथ ही पुलिस और समाज के बीच संवाद कार्यक्रम सामुदायिक पुलिसिंग गतिविधियों की ओर सृजन, सम्मान,एहसास,सेफ क्लिक,दिशा लर्निंग जैसी अभिनव पहल के माध्यम से किशोरों के आत्मविकास,व्यक्तित्व विकास,कैरियर,नशा मुक्ति,साइबर व ट्रैफिक सेफ्टी, सिविक सेंस हेतू विभिन्न क्रियाकलापों व आयामों पर ध्यान दिया जा रहा हैं।



सिवनी पुलिस द्वारा भी उक्त दोनों ही कार्यक्रमों की सतत श्रृंखला जारी है। सम्मान समारोह में प्रिसेप्टर डीपी साहू और हार्टफुलनेस सिवनी की पूरी अभ्यासी टीम सुरेश सोनी ,मुकेश चौरसिया ,विजय श्रीवास्तव ,मनीषा तिवारी ,पूनमचंद सोनी ,नरेश मिश्रा ,अभिषेक सेन ,मुकुल पांडे ,दिनेशचंद्र अग्रवाल ,उज्जवल शर्मा ,प्रकाश सराफ ,ईश्वर साहू ,राजेंद्र सिंह ठाकुर ,तोपसिंह देशमुख ,डीएस नागेश ,मुकेश शर्मा ,अजय चौबे ,मनोहर साहू ,राजेश नामदेव जिन्होंने रक्षित केंद्र सिवनी व प्रत्येक थानों में सतत पहुंचकर सामूहिक ध्यान अभ्यास को सिखाया और सफल बनाया।

### 2 पिकअप वाहन में 7 पशु धन भरकर ले जा रहे थे महाराष्ट्र

## पशु धन की तस्करी करते हुए 3 आरोपी गिरफ्तार

### बजरंग दल के पदाधिकारियों की मदद से पकड़ाये पशु धन, एक पशु धन की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी से लालबर्रा मार्ग पर स्थित टोड्या नाले के पास राष्ट्रीय बजरंग दल बालाघाट के पदाधिकारियों व सदस्यों की सूचना पर वारासिवनी पुलिस ने 2 पिकअप वाहन में बेदर्दी से भरे हुए 7 पशु धन को बरामद किया। जिसमें से एक पिकअप वाहन में भरे हुए 3 पशु धन में एक पशु धन की मौत हो गई है। वहीं शेष 6 पशु धन सुरक्षित है। जिन्हें चंदौरी स्थित गौशाला में भेज दिया गया और दोनों पिकअप वाहन व उसके चालकों को पुलिस थाना ला लिया गया है। मामला 19 फरवरी के दोपहर का है।

#### टोड्या नाले के पास पकड़ाई 2 पिकअप

राष्ट्रीय बजरंग दल बालाघाट के जिला अध्यक्ष सितेश ब्रम्हे ने बताया कि जिले में गौवंश की तस्करी चरम पर है। जिसे रोकने के लिए हमारे संगठन द्वारा लगातार अथक प्रयास किया जा रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी इसकी तस्करी पर रोक नहीं लग पा रही है। 15 दिनों पूर्व हमने लालबर्रा से कटने के लिए ले जाए जा रहे पशु धन को पुलिस के माध्यम से पकड़वाया था। आज भी हमें हमारे सूत्रों से जानकारी मिली कि लालबर्रा से गौवंश पिकअप में भरकर नागपूर कत्लखाने ले जाये जा रहे है। जिस पर उन्होंने अपने साथियों के साथ पिकअप वाहन की घेराबंदी की और वारासिवनी के टोड्या नाले के पास उन्हें रोका गया। उनके द्वारा 2 पिकअप वाहन को रोका गया और उन्हें रोकते हुए देखकर उनके पीछे आ रहे अन्य वाहन फरार हो गए।

#### एक पशुधन की हो गई मौत

श्री ब्रम्हे ने बताया कि इन दो पिकअप वाहन मे से एक में 4 और दूसरे में 3 पशु धन बेदर्दी से भरे गए थे। जिसमें से एक पशु धन की मौत हो गई है। दोनों पिकअप वाहन व उसके चालकों को वारासिवनी पुलिस के सहयोग से पुलिस थाना लाया गया है। जहॉ पर नियमानुसार पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। यह गौ तस्कर पशुओं को रजेगॉव होते हुए महाराष्ट्र की सीमा से होते हुए नागपूर कत्लखाने ले जाते है। उनके साथ उनके सहयोगी नगर अध्यक्ष संजय डोहरे, आकाश ठाकुर, ओम श्रीवास्तव, आदित्य डोहरे, रितेश व अन्य साथियों ने इस कार्य में उनका सहयोग किया है।



#### तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ प्रकरण

पुलिस थाने से मिली जानकारी अनुसार गौवंश की तस्करी के आरोप में दो पिकअप वाहन एम पी 50 जेड एफ 0158 व एमएच 35 एजे 1453 को जप्त किया गया है और उसके साथ वाहन के चालक संजय पिता बिशनलाल लिल्हारे 33 वर्ष ग्राम सावरी थाना खैरलॉजी, मूलचंद पिता तेजराम नगपुरे 30 वर्ष चुटिया व उरेन्द्र पिता अजब लाल लिल्हारे 27 वर्ष चुटिया को अभिरक्षा में लिया गया है। जिसमें से एक पिकअप वाहन का मालिक पंकज खरोले निवासी चुटिया है और दूसरे पिकअप के मालिक के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पशु धन को गौशाला भेज दिए है, जहॉ पर मृत पशु का पोस्टमार्टम होगा और शेष 6 पशु धन गौशाला में रहेगे। आरोपियों के खिलाफ 4, 6, 9 गौवंश प्रतिषेद अधिनियम, धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 6/9 मध्यप्रदेश कृषक पशु परिवेक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण की जॉच किरण बाहेश्वर एएसआई व रामदयाल चौधरी प्रधान आरक्षक द्वारा की जा रही है।

विदित हो कि पूरे जिले में गौवंश की तस्करी अपने चरम पर है। जिसे रोकने में पुलिस प्रशासन बुरी तरह से असफल सिद्ध हो रहा है। गौवंश की तस्करी को रोकने के लिए समय समय पर सामाजिक संगठन आगे आते है, लेकिन उन्हें पुलिस विभाग व प्रशासन का पूरा सहयोग नहीं मिल पाता है। जिसके कारण इन संगठन के पदाधिकारीगण व सदस्यगण भी निराश होकर भी धीरे-धीरे निष्क्रिय होते जा रहे है।

## पीएचई के कार्यपालन यंत्री उइके ने बेलगांव, कोहका, नेवारा, अकोला की नलजल योजना का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके ने 19 फरवरी को किरनापुर विकासखंड के ग्राम बेलगांव, कोहका, नेवारा एवं अकोला में जल जीवन मिशन की प्रगतिरत नल जल योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं उपयंत्री भी उपस्थित थे। कार्यपालन यंत्री श्री उइके ने नलजल योजनाओं के शेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने घरों में एफएचटीसी नल कनेक्शन शीघ्रता से देने के निर्देश दिये। नलजल योजना का कार्य कर रही एजेंसी को निर्देशित किया गया कि सभी समय सीमा में पेयजल प्रदाय का कार्य पूर्ण करे अन्यथा उनकी एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

#### आज से प्रारंभ होंगी कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं

**बालाघाट।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ की जा रही हैं। जिले में परीक्षा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह परीक्षाएं जिले के 10 विकासखंडों के अंतर्गत 77 जन शिक्षा केंद्रों तथा 278 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। इनमें 264 शासकीय एवं 12 अशासकीय शालाएं सम्मिलित हैं।

## किरनापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

नगर के प्रतिष्ठित सामाजिक मंडल माता जीजाबाई महिला मंडल, किरनापुर द्वारा 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नगर की महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनके शौर्य, त्याग और स्वराज्य के आदर्शों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल की पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिवाजी महाराज केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि आदर्श प्रशासक और राष्ट्रनायक भी थे, जिनकी प्रेरणा आज भी समाज को मार्गदर्शन देती है।

कार्यक्रम के अंत में समाज में एकता, नारी सशक्तिकरण और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मंडल माता जीजाबाई महिला मंडल, किरनापुर के संयोजक श्रीमती माधुरी बोहरे श्रीमती मीना बहेकार, श्रीमती कविता हुकरे, श्रीमती बिन्देश्वरी हुकरे श्रीमती अलका गिरिया, श्रीमती रंजू राकडे एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आंकड़ों का मायाजाल है बजट-हेमंत साहु

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने मध्यप्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 केवल आंकड़ों का मायाजाल है, जमीनी हकीकत से इसका कोई सरोकार नहीं है। इस बजट में ग्राम पंचायतों के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों, स्कूलों, छात्रावासों के अंशकालीन कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, कोटवारों, आशा वर्कर, अतिथि शिक्षकों, पेशा मोबलाईजरों, मनरेगा मेट श्रमिकों, आंगनबाड़ी वर्करों, सीएम जनसेवा मित्रों की बहाली, स्वच्छताग्राहियों को, रोजगार सहायकों को कुछ भी नहीं मिला है। इसके साथ ही मध्याह्न भोजन रसोइयों के मानदेय में भी किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। यह बजट आम जनता, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति, कर्मचारी, छोटे व्यापारियों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता है। सरकार का कर्ज बजट से ज्यादा है।

## किरणेश्वर शिव मंदिर किरनापुर में की गई प्राण प्रतिष्ठा- भव्य शिव बारात निकली

#### हवन पूजन व भंडारा का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** किरनापुर के किरणेश्वर गांव स्थित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बुधवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें शिव बारात निकाली गई, हवन-पूजन हुआ और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा।

कार्यक्रमों की शुरुआत रामायण पाठ से हुई। विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पाठ में भाग लिया। इसके बाद विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

शाम को शिव बारात विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यह बारात किरणेश्वर शिव मंदिर से शुरू होकर मां किरनाई मंदिर गुजरी चौक होते हुए ग्रामो का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। डीजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़े। 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। रास्ते में ग्रामीणों ने बारात का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के समापन पर कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया। इसके बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। आयोजन में अशोक जांगड़े, कमलेश कन्नौजे, राहुल सारंगपुरे सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखा गया और देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।





### वर्तमान खराब भविष्य की चिंता

## गांव को नशा मुक्त बनाने एक हुए ग्रामीण बनाई समिति, निकाली रैली



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** घरेलू हिंसा, अपराध, आर्थिक तंगी और सबसे महत्वपूर्ण बर्बाद होती गांव की युवा पीढ़ी। इन सभी गंभीर परेशानियों की समस्या की जड़ 'शराब'। गांव में बिकने वाली कच्ची-पक्की शराब, जिससे निजात पाने के लिए अब ग्रामीण संगठित हो गए है। पुलिस प्रशासन के सहयोग से गांव को नशा मुक्त बनाने की कवायद शुरू की है। जिसका बीड़ा गांव की महिलाओं ने उठाया है। बात हो रही है बालाघाट जिले के कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कोड़मी की। गुरूवार को यहां गांव की महिलाओं ने शराब बेचने और पीने वालों को कार्रवाई के लिए तैयार रहने चेतावनी जारी करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली ने पूरे गांव का भम्रण किया और जगह-जगह ध्वनि विस्तारक यंत्र के जरिए मुनादी की गई। शराब के नशे के कारण बर्बाद नौजवान पीढ़ी को बचाने और भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए गांव को नशा मुक्त बनाने की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए बकायदा महिलाओं की एक समिति बनाई गई है। जिसमें गांव की करीब 250 महिलाओं के अलावा पुरूष भी शामिल है। समिति की कमान शकुन बाई मेश्राम के हाथों में है। वह बताती है कि गांव की करीब 60 फीसदी पुरुष आबादी जिसमें नौजवान युवा भी शामिल है आज शराब के नशे की गिरफ्त में है। शराब पीने के बाद शराबी अपने परिवार, गांव का सामाजिक माहौल खराब कर रहे है। शराबी व्यक्ति के पास नकदी पैसा ना हो तो घर का सामान बेचकर शराब पी रहे है। घरों में महिलाओं को प्रताड़ना दी जा रही है और आर्थिक स्थिति बदहाल हो रही है इन सभी बातों को ध्यान में रखकर समिति गठित की गई और अब नशा मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया गया है। गांव की महिला सरपंच प्रेमलता विवेकानंद हरदे और पुलिस प्रशासन इसमें सहयोग करने को तैयार है।

**26 जनवरी को हुई बैठक फिर लिया निर्णय:** पूर्व सरपंच राजू डहरवाल ने बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की शाम गांव में बैठक ली गई। बैठक में गांव को नशा मुक्त बनाने पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में जगह-जगह बिकने वाली कच्ची और देसी-विदेशी शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा। मगर, यह काम बिना पुलिस प्रशासन के सहयोग के संभव नहीं था। इसलिए एक सप्ताह पहले गांव में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम को भी बुलाया गया। ग्रामीणों ने उनके समक्ष अपनी व्यथा रखी और गांव को नशा मुक्त बनाने की मंशा जाहिर की और इस काम में पुलिस प्रशासन से सहयोग करने का निवेदन किया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। पुलिस अधिकारी से सहयोग का भरोसा मिला तो महिलाओं ने अपना काम शुरू कर दिया। गुरुवार को गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। महिलाओं ने शराब बेचने वाले से लेकर दारू खोरों को चेतावनी दी कि अगर अब शराब बेची तो खैर नहीं।

**महिलाओं ने ठाना गांव को शराब मुक्त बनाना:** एक स्व सहायता समूह से जुड़ी सीमा भलावी ने बताया कि आज गांव की हालत ऐसी हो गई है कि शराबी सार्वजनिक स्थानों से लेकर व्यक्तिगत कार्यक्रमों में शराब पीकर हुड़दंग और उपद्रव कर रहे थे। जिससे गांव के छोटे-छोटे बच्चों पर दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा था। इसलिए जब गांव में महिलाओं ने गांव को शराब मुक्त बनाने की ठानी तो बड़ी संख्या में महिलाएं इसमें सहयोग करने लिए आगे आई। शराब से गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा था। उन्होंने कहा कि गांव का एक बड़ा समूह शराब का सेवन करता है तो निश्चित तौर पर कुछ कठिनाईयां सामने आएगी लेकिन पंचायत की महिला सरपंच और पुलिस प्रशासन ने सहयोग का भरोसा दिया तो पूर्ण विश्वास है गांव नशे से मुक्त होगा।

**गांव में बिक रही शराब अधिक हानिकारक:** सरिता डहरवाल नाम की महिला बताती है कि हमारा गांव नशे में डूब चुका है मैं इससे व्यक्तिगत तौर पर बहुत अधिक प्रभावित हुं। मेरे पति खूब शराब पीते है। घर के हालात को देखकर मैं महिलाओं के इस संगठन से जुड़ी। गांव की वर्तमान पीढ़ी तो बर्बाद हो चुकी है लेकिन भावी पीढ़ी अच्छे माहौल में अपना समय व्यतीत करें बस यहीं इच्छा है। शराब की वजह से आज कई परिवार बर्बाद हो चुके है। पुरूष घरों में विवाद करते है। गांव में चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है गांव में बिकने वाली शराब बहुत हानिकारक है। क्योंकि गांव में आसानी से शराब मिलने की वजह से अधिक मात्रा में शराब पी जा रही है। सबसे पहले गांव में बिकने वाली शराब पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास है।

## कलेक्टर ने ली सिंचाई विभाग के अधिकारियो की बैठक

#### नक्सल क्षेत्र के ग्रामों में सिंचाई सुविधा के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 19 फरवरी को सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहें ग्रामों मे फसलों की सिंचाई के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये और 23 फरवरी तक कार्य योजना प्रस्तुत करने कहा। बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री यूएस परते, एसडीओ एवं उपयंत्री उपस्थित थे। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की अति नक्सल प्रभावित रहे 100 ग्रामों के लिए सिंचाई के प्रोजेक्ट तैयार करना है, जिससे इन ग्रामों के किसानों को खरीफ के साथ ही रबी फसलों की सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके और यहां के लोगो को रोजगार के लिए पलायन का सामना न करना पडे। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तैयार किये जाने वाले प्रोजेक्ट का नाम, प्रोजेक्ट से लाभान्वित होने ग्रामों के नाम, अनुमानित लागत की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने कहा गया। जो प्रोजेक्ट सिंचाई विभाग के मापदण्ड के अनुसार नही बनाये जा सकते ऐसे कम लागत के स्टाप डेम, चेकडेम के प्रोजेक्ट ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से करवाने कहा गया। उन्हें इसके साथ ही गति शक्ति पोर्टल पर सिंचाई परियोजनाओं के ड्रेनेज, चैकडेम, स्टाप डेम एवं नाला क्लोसिंग का डेटा अपलोड करने कहा गया। कलेक्टर श्री मीना ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जिन प्रोजेक्ट पर वन विभाग की अनुमति के लिए काम रुका हुआ है ऐसे प्रोजेक्ट उनके संज्ञान मे लाए जाए जिससे उन पर तीव्र गति से काम कराया जा सके।

#### तिरोड़ी में आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यशाला आयोजित

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्री मृणाल मीना के निर्देशन में 19 फरवरी को तहसील कार्यालय तिरोड़ी में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जनजागृति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार श्रीमती गीता राहंगडाले, पटवारी, सीडीवी, कोटवार, सचिव, जीआरएस, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति, जन अभियान परिषद के सदस्य एवं ग्रामीणजन सहित लगभग 40 लोगों ने सहभागिता की।

### शिकायत दर्ज न करने के आरोपों से लांजी पुलिस कटघरे में, लगातार घटनाओं से प्रशासनिक निष्क्रियता उजागर

## प्रेम विवाह, तीन बार गर्भपात और युवक की फरारी के बीच न्याय को तरसती युवती

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जब कोई महिला अपने वैवाहिक अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के लिए थाने की चौखट पर दस्तक देती है, तो उसे न्याय और संरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन यदि उसे बार-बार निराश होकर लौटना पड़े, तो यह केवल एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं बल्कि पूरे तंत्र की संवेदनहीनता का संकेत होता है। महिलाओं की सुरक्षा, समान अधिकार और गरिमा की रक्षा का दावा करने वाली व्यवस्था तब कठघरे में खड़ी हो जाती है, जब पीड़िता को ही अपने अस्तित्व और अधिकार के लिए गांव-गांव भटकना पड़े। तहसील क्षेत्र लांजी इन दिनों एक के बाद एक संवेदनशील घटनाओं से दहला हुआ है। कभी प्रतिमा स्थापना को लेकर गांवों के बीच तनाव, कभी जाति विशेष को लेकर दर्जन भी से अधिक परिवारों का बहिष्कार, तो कभी 15 वर्षीय बालिका के मां बनने का मामला....लगातार सामने आ रही घटनाओं ने प्रशासनिक सक्रियता और कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। अब ग्राम खजरी में एक 25 वर्षीय युवती का मामला सामने आया हैए जिसने प्रेम विवाह का दावा करते हुए अपने वैवाहिक अधिकार की मांग की तो



उसे घर से भगाने की कोशिश की गई। आरोप है कि पुलिस ने भी उसकी शिकायत दर्ज नहीं की, जिससे व्यवस्था की निष्क्रियता और अधिक उजागर हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घोटी घुसमारा निवासी युवती मीनाक्षी जांभुरे वर्ष 2019 से ग्राम पंचायत खजरी निवासी युवक किशोर पिता अर्जुन गुर्दे को जानती है। दोनों के बीच प्रेम संबंध रहे। युवती का आरोप है कि इस दौरान वह तीन बार गर्भवती हुई, लेकिन युवक द्वारा जबरन दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया गया। लगातार विवाह का दबाव बनाए जाने पर 27 अक्टूबर 2025 को बालाघाट मुख्यालय के कालीपुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में किशोर गुर्दे ने अपने जीजा अनिल डोंगरे और दिनेश नारनौरे की मौजूदगी में उससे विवाह किया। विवाह के बाद युवक ने उसे बालाघाट में अनिराम मुंजारे के घर किराये के कमरे में लगभग एक माह तक रखा और दस्तावेज तैयार होने के बाद घर ले जाने का आश्वासन देता रहा।

**ससुराल में प्रताडऩा और अस्पताल तक पहुंची युवती:** युवती का कहना है कि इससे पहले वह एक सप्ताह तक ग्राम खजरी स्थित युवक के घर पर रह चुकी है, जहां परिवार वालों ने उसे भोजन तक नहीं दिया। तबीयत बिगडऩे पर उसने ग्राम सरपंच को फ ोन किया, लेकिन कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ। अंततः उसने 108 एम्बुलेंस सेवा को बुलाया और सिविल अस्पताल लांजी में एक सप्ताह तक भर्ती रही। युवती के अनुसार जब उसने थाने में शिकायत की बात कही, तो युवक ने विवाह किया। परंतु एक माह साथ रखने के बाद जब वह घर चलने की जिद करने लगी, तो उसे दो दिनों तक बस स्टैंड में रखा गया और फि र युवक अचानक फरार हो गया। इसके बाद युवती ग्राम खजरी पहुंची और घर में प्रवेश का प्रयास किया, लेकिन युवक किशोर की मां और भाई ने उसे भगाने की कोशिश की।

**पुलिस पर लगाया पैसे लेकर शिकायत दर्जन नहीं करने का आरोप:** मीनाक्षी का आरोप है कि वह दो से तीन बार थाना लांजी पहुंची, लेकिन उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। उसने पुलिस पर ससुराल पक्ष से पैसे लेकर मामला दबाने का आरोप भी लगाया। युवती का कहना है कि उसके ससुराल वाले किशोर को छिपा रहे हैं, जिससे वह सामने नहीं आ पा रहा। 19 फरवरी को देर शाम युवती द्वारा पुनः लांजी थाना पहुंचकर युवक किशोर एवं उसके परिजनों के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया गया है। जबकि महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा रहती है, लेकिन यदि शिकायत तक दर्ज न हो, तो यह गंभीर स्थिति निर्मित कर देती है।